amaan.cooldude18
Trying To Be Perfect As Mr Perfectionist
राज
कॉमिक्स
मूल्य 15.00 संख्या 50
खूनी यात्रा
नागराज
TELO
मुफ्त
नागराज का एक पोस्टर

खूनी यात्रा

लेखक : संजय गुप्ता
चित्रकार : चंदु, विनय
कलादिग्दर्शक : प्रताप मुलीक
सम्पादक : मनीष गुप्ता

नागराज, जिसने विश्व से आंतकवाद व अपराध को जड़ से उखाड़ फेंकने की कसम खाई थी, बुलडाग और चांगो जैसे विश्वव्यापी अपराधियों को नेस्तनाबूत करने के बाद अब अमेरिका व पश्चिमी यूरोप के सबसे खतरनाक गैंगस्टर विलियम से टकराने जा पहुंचा था, न्यूयार्क में। न्यूर्याक में सिर्फ डॉन ही ऐसा व्यक्ति था जो नागराज को विलियम तक पहुंचा सकता था। लेकिन वह इस समय शिकागो की सर्वाधिक सुरक्षित जेल में था। नागराज डॉन को जेल से आजाद कराने के लिए शिकागो पहुंचता है। राह में उसकी मुलाकात होती है फ्लोरिडा से.. एक ऐसे साथी के रुप में.. जिसकी मंजिल भी डॉन तक पहुंचना थी। फ्लोरिडा डॉन के खून की प्यासी थी- क्योंकि उसने उसे अनाथ कर दिया था। नागराज फ्लोरिडा को बाहर छोड़कर जेल में प्रविष्ट होता है। फ्लोरिडा को डॉन की मौत चाहिए थी और नागराज को उसका जीवन। जैसे ही नागराज डॉन को लेकर बाहर आया, फ्लोरिडा ने डॉन पर अंधाधुंध गोलियां चला दीं। यहां तक आपने पढ़ा 'खूनी खोज' में। अब आगे पढ़ें-

मगर...

...फ्लोरिडा ने अंधाधुंध गोलियां बरसा दी थीं।

लेकिन इससे पहले कि एक भी गोली डॉन को स्पर्श करती...
...नागराज ने डॉन पर छलांग लगा दी...

...और उसे लेता हुआ जीप के पीछे लुढ़क गया।
धांय
धांय
धांय

चट्टान से उतरकर फ्लोरिडा जीप के पास आ गई।
नागराज! इस कुत्ते को मेरे हवाले कर दो। यह मेरे पिता का हत्यारा है। इस स्टेनगन की गोलियां भी शायद आज इसके सीने में इतनी आग भरने के लिए कम पड़ेंगी- जितनी दो साल से मेरे सीने में धधक रही है।

स्टेनगन अब नागराज के हाथ में थी-

डॉन! बाहर निकल आओ! अब कोई खतरा नहीं है।

फ्लोरिडा, अवश्य ही तुम किसी गलतफहमी की शिकार हो। मैंने आज तक किसी की हत्या नहीं की। मुझे तो इन इन्सानी खून को पानी की तरह बहाने वाले दरिंदों से सख्त नफरत है।

मुझे बताओ, तुम्हारे पिता कौन थे? मैं तुम्हारी गलतफहमी अभी दूर कर देता हूं।

विलियम!
मैं तुम्हें सब कुछ बताऊंगा फ्लोरिडा...

...लेकिन फिलहाल यहां से खिसको! अंदर जेलर की जीप गायब होने की खबर फैल चुकी होगी।

तीनों कार द्वारा शहर की तरफ बढ़ गये-

और कुछ ही देर के सफर के बाद अब वे फ्लोरिडा के बंगले पर थे-

फ्लोरिडा, मैंने तो तुम्हारे डैडी को विलियम की मौत का तोहफा भेजा था। मुझे नहीं मालूम था कि वही तोहफा मेयर साहब की मौत का पैगाम बन जाएगा...

...आज से चार वर्ष पहले की बात है। आज की तरह उस समय भी न्यूयार्क व शिकागो के अण्डर वर्ल्ड में विलियम सबसे बड़ी हस्ती थी। वह न्यूयार्क का सबसे बड़ा स्मगलर था...
SEA HAWK
WILLIOM
WILLIOM

...न्यूयार्क व शिकागो का कोई भी छोटा-बड़ा स्मगलर विलियम के आगे सर उठाने की हिम्मत नहीं रखता था। उन्हें विलियम को हर डील का कमीशन देना पड़ता था...
आज हमारे पास अफीम का दो करोड़ डालर्स का कन्साइन्मेंट आया था- जिसके प्राफिट के पचास पर्सेण्ट, तीस लाख डालर्स विलियम साहब के लिए।
यह पांच लाख डालर्स ब्राउन शुगर के प्राफिट के!

...विलियम से गद्दारी करने वाले का धंधा-पानी अगले दिन से ही बंद हो जाता था...
धड़ाम
SONY
AKAI
NATIONAL
!!

...सिर्फ मैं ही एक ऐसा स्मगलर था- जिसने कभी विलियम से हार न मानी थी। मैंने उसे कभी किसी डील का कमीशन नहीं दिया था। फिर भी वह मुझे कोई भी नुकसान पहुंचाने में सफल न हो सका था...

...लेकिन एक दिन...
बॉस! विलियम की रिपोर्ट पर पुलिस ने हमारा माल से लदा ट्रक पकड़ लिया।
क्या! डॉन का माल पकड़वा दिया... विलियम ने? विलियम का साइमन सिटी वाला गोडाउन ब्लास्ट कर दो!

...उसके बाद न्यूयार्क व शिकागो में अक्सर मेरे व विलियम के गैंग्स की छोटी-बड़ी मुठभेड़ें होने लगीं।

WILLIAM ENTERPRISES
WILLIAM

...अब जरायम पेशा लोगों ने विलियम से डरना छोड़ दिया था। वे खुली जुबान से मुझ को विलियम का बाप कहने लगे थे...
टॉम! खड़े हो जाओ, यह जगह डॉन के आदमियों के लिए आरक्षित है।
और चिन्गारी सुलग उठी-
क्या बकता है...? जनता नहीं विलियम के आदमियों से बदतमीजी का मतलब मौत है।
उसने मैनेजर को हवा में उछाल दिया-
लेकिन तभी बार में डॉन के साथी प्रविष्ट हुए-
डेंगो, तुम कांउटर पर जाओ! इन्हें हम तमीज सिखाते हैं।
इसके साथ ही सबके हाथों में हथियार चमक उठे-
जैक्सन भाग जाओ, यहां से, विलियम से टकराकर मौत ही मिलेगी।
लेकिन टॉम के शब्द अर्थहीन साबित हुए।
मौत से हमने लड़ना सीखा है और मौत देना तुम्हारा नहीं ऊपर वाले का काम है।
धांय
टॉम व उसके साथियों के हाथों में से रिवॉल्वर निकल गये-
धांय
धांय
धांय

लेकिन तभी टॉम ने अपने पास पड़ी एक प्लेट घुमाकर जैक्सन पर दे मारी-
अबे, देखते क्या हो... तोड़ डालो सालों को!

सब आपस में भिड़ गए-

जैक्सन उछलकर टॉम की छाती पर चढ़ बैठा-

तभी, टॉम के दो साथियों ने जैक्सन को पकड़ लिया-
तू मेरी छाती पर बैठा जैक! मैं तेरी छाती तोड़ दूंगा।

लेकिन जैकसन के जोरदार झटके ने टॉम को अपने ही साथी पर वार करने लिए मजबूर कर दिया।

फिर उसने दोनों को सम्भलने का मौका नहीं दिया।

...और जल्दी ही सब मेरे आदमियों के काबू में थे...
हमें माफ कर दो जैकसन! हमें छोड़ दो।

...जैक्सन से बचने के लिए टॉम को केवल बार में हुए नुकसान की कीमत ही नहीं चुकानी पड़ी, बल्कि...
बोलो हमारा बाप डॉन...
हमारा बाप डॉन...

...लेकिन एक दिन मैंने हिंसा का ऐसा बवडंर देखा, जिससे मेरी आत्मा तक कांप गई।
वह क्या?

उस रात एक बड़े डिपार्टमेंटल स्टोर के सैकेण्ड फ्लोर पर हीरों की प्रदर्शनी लगी थी। जिसमें मेरा माल भी था...

...तभी विलियम के गुण्डों ने धड़धड़ाते हुए वहां प्रवेश किया...

...और एकाएक सबको कवर कर लिया...
सब अपने हाथ उठा लें। हमें शांति से अपना काम कर लेने दें।

...फिर सब हीरे लूटकर उन्होने बंदूकों के मुंह खोल दिए...
बचाओ।
आह!

...पुलिस और मेरे आदमियों ने उनका सामना किया। लेकिन...

...वे अत्याधुनिक हथियारों से लैस थे। तथा हमें दर्शकों को भी बचाकर गोली चलानी थी...

...सबको मौत बांटते हुए वे वहां से भाग निकले...

...तीन मिनट की फायरिंग ने तीन सौ लोगों की जानें ले ली थीं...

...मुझे नफरत हो गई हिंसा से, हथियार से और विलियम से...
आज से हम किसी की हत्या नहीं करेंगे।

...मैंने विलियम के सभी ठिकानों व उसके काले कारनामों की एक वीडियो कैसेट तैयार करवायी और एक पैकेट में बंद करके अपने एक विश्वासपात्र को दे दी...
लो पीटर, इसे सावधानी से मेयर फ्रैंकलिन को सौंप देना!

...लेकिन वह विश्वासघाती बिका हुआ निकला उसने वह पैकेट विलियम के आदमी को बेच दिया।

...विलियम ने उस पैकेट को खोलकर उसे लैटर बम बना दिया और तुम्हारे घर भेज दिया...
ये मेयर फ्रैंकलिन को दे देना!

...तुम्हारे पिता ने पैकट पर लिखा मेरा नाम पढ़ा और उसे खोलते ही अपनी जान गवां बैठे...

फ्लोरिडा का मन अब डॉन की तरफ से साफ हो चुका था।
विलियम अब ज्यादा सांसे नहीं ले सकेगा डॉन!
हम तुम्हारे साथ हैं फ्लोरिडा!

लेकिन, तुम जेल कैसे पहुंचे डॉन?

मेयर फ्रैंकलिन की हत्या का दोषी मुझे ठहराया गया था...
मेयर फ्रैंकलिन की हत्या... हत्यारा डॉन लापता।

...पुलिस मेरी तलाश में थी। मैं अण्डरग्राउंड था...
STOP
STOP

...तभी विलियम ने एक समझौते का प्रस्ताव लेकर एक आदमी को मेरे पास भेजा...
आपको महान विलियम ने कोक्स पीक पर बुलाया है।
हम दो बजे कल वहां पहुंच जायेंगे।

...अगले ही दिन दो बजे जब मैं कोक्स पीक पर पहुंचा, मेरा स्वागत पुलिस ने किया...
यू आर अण्डर अरेस्ट डॉन! सरेण्डर कर दो।

...मै विलियम की चाल में फंस चुका था...
विलियम! तूने मुझे धोखा दिया। मैं तुझे तबाह कर दूंगा विलियम!

...पुलिस को विलियम की तलाश थी। मेरे मुंह से उसका नाम सुनकर उनके कान खड़े हो गए...
तुम विलियम के बारे में क्या जानते हो डॉन?
मैं...

...मैं विलियम से खुद बदला लेना चाहता था- सो मैंने उन्हें कुछ न बताया...
मैं कुछ नहीं जानता उसके बारे में!
तुम सब जानते हो! बताओ, वह कहां मिलेगा?

...विलियम का पता न बताने के कारण मेरी सजा बढ़ती गई...
मीलार्ड, हम इसे पूछताछ के लिए रिमांड पर लेना चाहते हैं।

...विलियम ने जेल में ही मेरी हत्या करवाने के कई प्रयास किए...

...एक गार्ड ने तो मुझ पर गोली ही चला दी थी...

...लेकिन मेरा भाग्य मेरे साथ था मेरे खाने के बर्तन ने मेरी रक्षा की...
खट

...उसके बाद मुझे सुरक्षा की दृष्टि से डेथ फोर्टरेस पहुंचा दिया गया...

...और वहां से तुम्हारी मेहरबानी के कारण अब मैं विलियम से बदला लेने को आजाद हूं!

डॉन! तुम दो साल से जेल में हो और इस दौरान पता नहीं विलियम कहां से कहां पहुंच गया हो?
नागराज! सांप भले ही केंचुली बदल ले-लेकिन अपनी बांबी को नहीं छोड़ता...

...विलियम का अड्डा है बोस्टन और न्यूयार्क के बीच स्थित विक्ट्री आइलैण्ड!...
...लेकिन नागराज! मुझे अभी तक यह नहीं पता चला है कि तुमने मुझे आजाद क्यों कराया है?

डॉन, मैं यहां विलियम को खत्म करने आया हूं। वह आतंकवाद को बढ़ावा देता है और मैं आतंकवाद का दुश्मन हूं।

हां, वह विमान अपहरण का विशेषज्ञ है और यहां उसका स्कूल भी है- जहां वह आतंकवादी तैयार करके दूसरे देशों में भेजता है- लेकिन...

...तुम अकेले उसका क्या कर लोगे... वह यहां की दूसरी सरकार है।

मुझे अपने पर पूरा भरोसा है डॉन। और फिर तुम दोनों भी तो मेरे साथ हो।
हां, हम तुम्हारे साथ हैं नागराज!

हमें विक्ट्री आइलैण्ड जाने के लिए बोट चाहिए डॉन!
वह सब इंतजाम मैं कर लूंगा।

अगले ही दिन-
यह मेरी प्राइवेट लांच है इसमें बहुत सी विशेषताएं हैं।
तुम मुझे विलियम और उसके टापू के बारे में कुछ बताओ डॉन।
SEA KING

...इन्हें विलियम के महल के स्कूल में प्रशिक्षित किया जाता है...

...कुश्ती...

...उन्हें हर प्रकार के हथियारों से परिचित कराया जाता है...

...यहां तक कि हवाई हमले भी

...इनके निशाने अचूक होते हैं...

...और यह सब विलियम की देख-रेख में होता है...
शाबास! तुम सब अच्छे निशानेबाज हो...

...तुम सबकी ट्रेनिंग पूरी हुई। कल तुम सबको भारत जाना है...

...और वहां तोड़-फोड़, हिंसा-आगजनी, लूटपाट करनी हैं तथा उन विमानों का अपहरण करना है- जिनमें वी.आई.पी. सफर कर रहे हों...

...इसके बदले में विलियम को दूसरे देशों से भरपूर धन राशि मिलती है- जिससे वह अपना छोटा सा देश चलाता है।

...साम्प्रदायिक दंगे वहां की कमजोर नस है। वहां जाओ और चारों तरफ आतंक फैला दो... हा...हा...हा...

...जिससे और देशों में भी हमारे कमांडोज की डिमांड बढ़े। हा... हा... हा...
हमें मालूम है बॉस! हमें वहां क्या करना है।

...टापू के तीन तरफ रेतीला तट है- जहां इतनी अधिक सुरक्षा व्यवस्था है कि समुद्र की कोई मछली भी गार्ड्स की निगाहों से बचकर टापू पर नहीं आ सकती...

...और चौथी तरफ है एक पहाड़ी! इसी में कहीं विलियम का हैड-क्वार्टर स्थित है...

...हैड-क्वार्टर में उसका पूरा शस्त्र भण्डार है...

...और यह है ब्लड रूम, हैड-क्वार्टर में ही बना सुरक्षा का सबसे बड़ा साधन...

...जिसमें यह मिसाइल लांचर लगा है- जो उन्हें समुद्री एवं हवाई हमलों से बचाता है...

...अगर इन्हें पता लग जाए कि कोई पहाड़ी की तरफ से ऊपर चढ़ रहा है तो ये मिलकर बड़े-बड़े पत्थर नीचे लुढ़का देते हैं...

और अब तक नागराज विलियम के अड्डे के बारे में काफी कुछ जान चुका था।
डॉन! हम, कितनी देर में वहां पहुंचेंगे?
तीन घण्टे में नागराज!

लेकिन टापू पर पहुंचने के दो किलोमीटर पहले ही हम लांच छोड़ देंगे। उसके बाद हम तैरकर टापू तक पहुंचेंगे.

...क्योंकि टापू के दो किलोमीटर की परिधि के समुद्र में केवल विलियम की आज्ञा से ही कोई नौका या विमान घुस सकता है...

...बिना आज्ञा की घुसपैठ होने पर राडर तोप को सचेत कर देता है।

नागराज! टापू नजर आ रहा है। एक बार फिर सोच लो। क्या तुम दोनों इतना तैर लोगे?
हां!

फिर लांच रुक गई-
नागराज! यह हथियार ले लो। मान जाओ, बहुत काम आएंगे!
डॉन! ये तुम दोनों के काम की चीजें हैं। मैं तो खुद एक हथियार हूं इन आतंकवादियों के खिलाफ।

पहले नागराज कूदा-

फिर वे दोनों भी कूद गये-
SEA HAWK

तीनों बहादुरी से तैरते हुए मंजिल की तरफ बढ़ रहे थे...

...कि तभी फ्लोरिडा हिम्मत हार बैठी...

...और डूबने लगी
बचाओ... गुलुप

नागराज आवाज सुनते ही पलटा और फ्लोरिडा की तरफ तैरने लगा।

फ्लोरिडा! मेरी कमर पर चढ़ जाओ!
फ्लोरिडा नागराज की कमर पर चढ़ गई...

...और कुछ ही देर में वे टापू पर पहुंच गये-
डॉन! काम शुरु करो!

हां, मैं यह एन्कर इस गन द्वारा ऊपर छोड़ूंगा- जिसके सिरे पर ये रस्सा बंधा है। एन्कर ऊपर चट्टानों में अटक जाएगा और फिर हम उसके सहारे ऊपर चढ़ जाएंगे!

डॉन ने गन ऊंची की और...
...ट्रिगर दबा दिया।

एन्कर ऊपर पहुंच गया लेकिन...

...खींचते ही नीचे आ गया।
ओह, लगता है अटका नहीं।

डॉन ने फिर कोशिश करनी चाही-लेकिन नागराज ने उसे रोक दिया।
डॉन! वक्त बरबाद न करो। आओ, दोनों मुझे पकड़ लो।

और नागरस्सी पहाड़ी की तरफ चल पड़ी
आओ, हम जल्दी ही ऊपर होंगे।

ऊपर जाकर नागरस्सी अपने आप एक चट्टान पर लिपट गई।

दोनों ने नागराज को मजबूती से जकड़ लिया। और नागराज के झटका देते ही वे ऊपर उठने लगे।
नागरस्सी जो नागराज की कलाई से निकलती है- एक विशेष इशारे पर सिमटनी शुरु हो जाती है जिससे नागराज ऊपर उठता है।

कुछ ही पलों में तीनों पहाड़ी पर पहुंच गए। और नागरस्सी पूरी सिमटकर नागराज की कलाई में चली गई।

आगे बढ़ते ही फ्लोरिडा का पैर अलार्म से उलझ गया-

अलार्म की आवाज कुत्तों के अलावा किसी को नहीं सुनती थी...

...जहां से भी अलार्म की आवाज आती वे वहां पहुंच जाते थे।

कुत्तों ने उन्हें चारों तरफ से घेर लिया।

ओह! लगता है। हममें से किसी का पैर अलार्म पर पड़ गया है। नागराज! जल्दी ही कुछ करना होगा इनके भाले विष में बुझे हुऐ हैं!
डॉन फिक्र न करो!

और-

गूं...गूं
गूं... गूं

लेकिन कुत्ते बहुत थे। नागराज हर तरफ घूमकर हमला कर रहा था फिर भी-
नागराज, बचो!

डॉन ने कुत्ते को टांगों से पकड़कर उठाया...

...और जोर से उछाल दिया।

amaan.cooldude18
Trying To Be Perfect As Mr Perfectionist

तभी-
आह!

वुफ वुफ

नागराज ने उसे अलग करना चाहा, लेकिन...

...उसकी बैल्ट खुल गई और भाला नागराज के हाथ में आ गया।

नागराज ने भाला उसकी पीठ में पेवस्त कर दिया।
पैं.sss

फिर उसे फ्लोरिडा से दूर उछाल दिया-

तब तक सब कुत्ते या तो मर चुके थे या मैदान छोड़ चुके थे।

टेलो कुत्तों के चुप हो जाने से हैरान था।

नागराज, डॉन व फ्लोरिडा राडार स्टेशन की तरफ बढ़ गये।

तुम फिक्र न करो। मैं सब संभाल लूंगा।

टेलो ने चारों तरफ देखा- लेकिन उसे कुछ ना दिखा-

अरे, सब कुत्ते कहां गए... अरे...

इससे पहले कि टेलो कुछ समझ पाता, नागरस्सी ने टेलो को जकड़ लिया।

और अगले ही क्षण नागराज ऊपर पहुंच गया।

नागरस्सी के खुलते ही टेलो नागराज पर झपट पड़ा-

टक

उफ.

- क्या नागराज टावर से गिरकर बच सका?
- क्या नागराज विलियम तक पहुंचने में सफल हुआ?
- क्या फ्लोरिडा विलियम से इंतकाम ले सकी?

यह सब जानने के लिए पढ़ें :-

"नागराज का इंसाफ"

नागराज का इंसाफ

लेखक : संजय गुप्ता
कलादिग्दर्शक : प्रताप मुलीक,
चित्रकार : चंदू, विनय
सम्पादक : मनीष गुप्ता

पिछले अंकों 'खूनी खोज' व 'खूनी यात्रा' में आपने पढ़ा कि नागराज विश्व के बड़े-बड़े अपराधियों का खात्मा करता हुआ इस बार अमेरिका व पश्चिम यूरोप के सबसे खतरनाक गैंगस्टर विलियम की तलाश में न्यूयार्क जा पहुंचा था। न्यूयार्क में सिर्फ डॉन ही ऐसा व्यक्ति था जो विलियम का पता जानता था। नागराज उसे फ्लोरिडा नाम की एक लड़की की मदद से विश्व की सर्वाधिक सुरक्षित जेल से छुड़ाता है। नागराज का पता चलता है कि स्वंय डॉन व फ्लोरिडा भी विलियम के खून के प्यासे हैं। अतः तीनों मिलकर एक लांच द्वारा विलियम के टापू पहुंचते हैं। टापू पर पहुंचते ही उनका मुकाबला होता है शिकारी कुत्तों की एक विशाल फौज से। इन कुत्तों का काम तमाम करके तीनों अभी आगे बढ़े ही थे कि पहाड़ी पर स्थित राडार स्टेशन के रक्षक टेलो की निगाह बेहोश कुत्तों पर पड़ गई। लेकिन इससे पहले कि वह अलार्म बजा पाता, नागराज ने टावर पर चढ़कर उसे जकड़ लिया। परन्तु टेलो भी कम नहीं था...

...उसने नागराज को उठाकर टावर से नीचे उछाल दिया-

नागराज जमीन से टकराया...

और बेहोश हो गया-

हा... हा... हा... चूहा!

टेलो इस बात से अनभिज्ञ था कि उनकी जंग के दौरान फ्लोरिडा व डॉन ऊपर आ चुके हैं।

ढिशुम

लेकिन डॉन के प्रहारों का टेलो पर कोई असर न हुआ...
??
...उसका हाथ दर्द से झनझना उठा-

अब बारी टेलो की थी-
आह

इससे पहले कि टेलो दूसरा प्रहार करने की सोचता...

...फ्लोरिडा ने उसके सिर पर रॉड दे मारी-
ले मर!
आह!
चोट की पीड़ा से तिलमिला उठा टेलो...

...उसने कंधे पर लटकी गन उतारी और फ्लोरिडा पर तान दी-
मैं तुझे जिन्दा नहीं छोड़ूंगा!
नहींऽऽऽ

नीचे नागराज को होश आ रहा रहा था।
अ... आह! यह मुझे क्या हुआ था!

फिर जैसे उसकी छटी इन्द्री चेती-

नागराज टावर पर चढ़ा तो अचंभित रह गया-

फ्लोरिडा पर तनी टेलो की गन के हरकत में आने से पहले नागराज हरकत में आ चुका था।

और इसके साथ ही टेलो ने ट्रिगर दबा दिया...
तड़.
तड़.

...लेकिन स्टेनगन का रुख अब आसमान की तरफ था-
तड़
तड़
तड़

नागराज ने गन उसके हाथ से छीनी और...
...पलटकर दोनों लातें चेहरे पर जड़ दीं।

इसके बाद नागराज उसे सम्भलने का अवसर दिये बिना उसके सीने पर सवार हो गया।

नागराज ने अपने घुटनों से उसकी गर्दन दबानी शुरु कर दी और...

...कराटे का एक मजबूत वार उसकी कनपटी पर किया।

टेलो ने तत्काल ही दम तोड़ दिया।

नागराज ने टेलो को सलाम किया।
तुम पहले शख्स थे टेलो, जिसने मुझे चोट पहुंचाई।

फिर तीनों टावर से नीचे उतर आए।
डॉन! मैं और फ्लोरिडा विलियम के महल में जाएंगे। इस बीच तुम्हें विलियम का मिलिट्री हैडक्वाटर ध्वस्त करना है...

तीनों पहाड़ी से नीचे उतरकर एक सड़क पर आ गए।

जैसे ही जीप नजदीक आई नागराज उसके सामने आ गया।

ड्राइवर ने जीप रोकते ही नागराज पर पिस्टल तान दी। लेकिन नागराज ने उसका काम तमाम कर दिया-

डॉन ने ड्राइवर के कपड़े पहन लिए और तीनों जीप में बैठ गये।

फिर नागराज ने जीप वापस घुमा दी।

दोनों जल्द ही विलियम के महल के सामने पहुंच गए-

नागराज! इतनी सुरक्षा के रहते हम कैसे अंदर जाएंगे?

नागराज ने मन ही मन भयानक फैसला किया और जीप आगे बढ़ा दी।
फ्लोरिडा! अब खेल सबके सामने होगा।

जीप एक धमाके के साथ फाटक से टकराई...
धड़ाम

...और फाटक को तोड़ती हुई महल के प्रांगण में प्रविष्ट हो गई।
धांय
धांय
धांय

नागराज ने सैनिकों पर सांप छोड़ने शुरु कर दिए-

सांप!
आह!

आह!
ओह!

तभी एक ट्रक स्टार्ट हुआ और नागराज की जीप के सामने आ गया।

इससे पहले कि जीप अचानक ही सामने आए ट्रक से टकराती-

और -

जीप से कूदते ही नागराज और फ्लोरिडा को विलियम के गार्ड्स ने घेर लिया-

नागराज व फ्लोरिडा ने सहर्ष ही स्वंय को उनके हवाले कर दिया क्योंकि वे जानते थे कि उन्हें विलियम के सामने ही पेश किया जाएगा।

गार्ड दोनों को स्टेनगनों के साये में लिए हुए महल में प्रविष्ट हुए।

सर! हमारे साथ नागराज व फ्लोरिडा हैं।

हॉल में विलियम का स्वर गूंजा-
इन्हें सम्मानपूर्वक ग्लास रूम में ले जाओ!

कुछ ही देर बाद दोनों विलियम के दरबार, ग्लास रूम में थे।
वेलकम! मिस्टर नागराज!

नागराज! देखो ऑक्टोपस!
हूं!

नागराज! तुम्हें यहां का पता किसने बताया? तुम यहां तक पहुंचे कैसे?

विलियम ने तीन बार ताली बजाई।

फलस्वरुप एक गदाधारी योद्धा हॉल में प्रविष्ट हुआ।

...अब अगर तुम्हें हमारी दोस्ती मंजूर हो तो जंगारू का हाथ थाम लो, नहीं तो युद्ध के लिए तैयार हो जाओ।

युद्ध...
नागराज का जीवन एक युद्ध ही तो है तुम जैसी समाज की दीमकों के खिलाफ
नागराज की आवाज बिजली बनकर उन पर पड़ी। एक बार तो सभी का खून जम गया। लेकिन फिर...

...जंगारू ने अपनी गदा नीचे रखी और-
हूऽऽऽ हाँऽऽ

हूं! टाइगर स्टाइल का जानकार लगता है।

उधर डॉन जब हैडक्वार्टर के द्वार के पास पहुंचा-
इतनी कड़ी सुरक्षा! अंदर जाना तो बेहद मुश्किल है।

अचानक सामने खड़े ट्रकों को देखकर डॉन की आंखें चमकने लगीं।
अहा! आइडिया!

इस ट्रक को खाई में धकेल देता हूं!

और-
चट्टानों से टकराता हुआ ट्रक गहरी खाई में जा गिरा...

...और एक धमाके के साथ आग की लपटों में घिर गया।

गगन भेदी धमाके की आवाज सुनकर द्वार पर खड़े सभी सैनिक खाई की तरफ भागे।
देखो तो!
अरे! क्या हुआ?

और डॉन ट्रकों की आड़ में द्वार तक पहुंच गया।

फिर उसने भीतर प्रविष्ट होने में देर न लगाई।

अंदर उसने अपने आप को एक सुरंग में पाया-

डॉन अभी कुछ ही आगे बढ़ा था कि एक तेज आवाज सुनकर रुक गया।
लगता है कोई रेल अंदर आ रही है।
धड़... धड़... धड़..

डॉन गुफा की दीवार से चिपककर खड़ा हो गया और रेल के पास आते ही...

...जम्प लगाकर एक डिब्बे पर चढ़ गया।

डॉन ने एक पेटी खोली-
अरे ये तो बारुद है।

इसका मतलब बारुद से भरी यह ट्रेन बारुद भण्डार में जा रही है।

डॉन ने अपना बैग खोला और एक टाइम बम निकाला-
तीन बजे हैं। पांच बजे का टाइम फिक्स कर देता हूं!

आगे सुरंग खत्म हो रही थी। डॉन डिब्बों के बीच में छिप गया-
अगर यह पेटी पांच बजे तक बारूद भण्डार में पहुंच गई तो अकेली ही विलियम की आधी लंका ढहा देगी।

सुरंग से बाहर आते ही डॉन रेल से कूद गया।

रेल के जाने के बाद-
अब मुझे सैनिक छावनी का सबंध बाकी टापू से तोड़ना है और इसके लिए इस गुफा के मुहाने पर टाइम बम फिट करने होंगे।

ठीक पांच बजे टाइम बम फटेगा और गुफा का मार्ग बंद हो जाएगा।

टिक
टिक
टिक

इसके बाद डॉन सामने नजर आते एक छोटे पहाड़ पर चढ़ने लगा।

पुल पर बंधे मजबूत रस्सों के सहारे लटकता हुआ डॉन आगे बढ़ने लगा।

पुल के ठीक बीच में पहुंचकर डॉन ने अपने बैग से एक और टाइम बम निकाला और...
...पुल पर फिट कर दिया।

टिक
टिक

इसके बाद डॉन उसी तरह मौत के झूले पर झूलता हुआ दूसरी तरफ पहुंच गया।

नीचे से एक लम्बा चक्कर काटता हुआ डॉन सड़क पर आ गया।
ओह! चार बज गए! मुझे एक घण्टे से पहले ही ब्लड रुम तक पहुंचना है।

अभी वह ब्लड रुम तक पहुंचने के बारे में सोच ही रहा था कि सामने से आते दो ऑफिसर्स ने उसे सैल्यूट मार दिया-
ओह! इसका मतलब... मैंने काफी बड़े ऑफिसर की वर्दी पहनी हुई है।

अब डॉन कुछ निश्चिन्त हो गया। उसने सामने से आती एक जीप को रुकवाया।
मिस्टर, मेरी जीप खराब हो गई है। मुझे ब्लड रुम तक छोड़ देना।
आइए सर!

उधर विलियम के महल में जंगारू पर नागराज ने अपने बांए हाथ के घूंसे का एक प्रचण्ड प्रहार किया।
ले संभाल मेरा बांया हाथ।
गर्ररऽऽऽ
जंगारू ने झपटकर उसका वापस जाता हाथ थाम लिया...
गर्रर्रर्र
...और तेजी से घुमाने लगा।
हफ हफ
गर्रर
फिर अचानक उसने नागराज को छोड़ दिया।
नागराज दूर जा गिरा।
फ्लोरिडा ने नागराज को सहारा दिया।
नागराज! चोट तो नहीं आई?
लेकिन नागराज ने जवाब नहीं दिया।
उसने बला की तेजी से जम्प लगाई-
और अगले ही पल वह जंगारू के सामने पहुंच गया।

उसने एक प्रचण्ड घूंसा उसकी पसलियों में दे मारा-
गर्रर

आह्
उसकी फ्लाईंग किक ने जंगारु के जबड़े को हिला डाला-

फिर नागराज ने उसे संभलने का कोई मौका नहीं दिया-

उसे अपने ऊपर से उछाल फेंका-

जंगारु उछलकर अपनी गदा के पास जा गिरा।
आह्!

जंगारु ने मजबूती से गदा थाम ली। अब उसकी आंखों में नागराज की मौत नाच रही थी-

जंगारु ने गदा का भरपूर वार नागराज पर किया।
गर्र्र ऽऽऽ
लेकिन नागराज वार को बचा गया।

गदा शीशे के फर्श पर जोर से टकराई-
छनाक ऽऽ छन

गदा के लगातार प्रहारों से फर्श कई जगहों से टूट गया।

तभी-
आह! नागराज बचाओ!

नागराज ने नागरस्सी छोड़ी-
बहुत हुआ दरिन्दे! अब तेरा अंत आ ही गया!

नागराज फ्लोरिडा को बचाने के लिए बढ़ा ही था कि...

फलस्वरुप शीशे का फर्श बीच में से फट गया और-

ऑक्टोपस अपनी आठों बांहों में फ्लोरिडा को जकड़ चुका था।

नागराज ने नीचे डुबकी लगाई...
और टूटे हुए फर्श का कांच का टुकड़ा निकाल लाया।

फिर उसने नोकीले शीशे का वार ऑक्टोपस की आंख पर किया।

जख्मी ऑक्टोपस ने दर्द से छटपटा कर फ्लोरिडा को छोड़ दिया।

इससे पहले कि ऑक्टोपस दोबारा हमला करता, नागराज के हाथ से आठ नागरस्सी निकलीं।

आठों नागरस्सी ऑक्टोपस की प्रत्येक बांह पर कस गई।

अब नागराज की बांहों व ऑक्टोपस के बीच में एक स्तम्भ था नागराज ने पूरी शक्ति बटोरकर नागरस्सियों को खींचना शुरु कर दिया-

और अगले ही पल ऑक्टोपस की आठों बांहें धड़ से अलग हो गईं।

नागराज पलटकर तैरता हुआ फ्लोरिडा के पास पहुंचा।

इस बीच विलियम तालाब के किनारे पहुंच गया था।

विलियम ने नागराज पर स्टेनगन तान दी।
वैलडन दोस्त! वैलडन! अब अपनी बहादुरी का इनाम पाने के लिए तैयार हो जाओ!
विलियम ने स्टेनगन का मुंह खोल दिया।

लेकिन गोलियां नागराज को छू भी न सकीं...
तड़...
तड़...
...बीच में अभागी फ्लोरिडा जो आ गई थी।

नहीं, फ्लोरिडा नहीं! यह तुमने क्या किया? काश! तुम्हें पता होता कि मुझ पर गोलियों का असर नहीं होता!

नागराज... मेरा... बदला... इंसाफ... आह... हिच!
फ्लोरिडा ने दम तोड़ दिया।

नागराज फ्लोरिडा का शव लेकर बाहर आया।
विलियम! जानता है यह अब तक सिर्फ तेरी हत्या करने के लिये जीवित थी...

...इसे मारकर यह ना समझ कि तूने अपनी मौत को धोखा दे दिया। तूने इसके साथ बहुत बेइन्साफी की है...

नागराज की आवाज ने विलियम को जड़ कर दिया।
...आज इसे इंसाफ जरूर मिलेगा।

नागराज ने एक ही झटके में उसकी गर्दन उखाड़ दी।

विलियम के मरने के बाद उसके सैनिकों को होश आया।
अरे! इसने तो मास्टर को मार दिया!
मारो इसे!
उड़ा दो!

लेकिन-
ठहरो!

सबके हथियार उठे के उठे रह गये।
मूर्खों! मुझ पर गोलियां बरबाद करने की जगह अपनी जान बचाओ...

..तुम्हारे मिलिट्री हैड-क्वार्टर में पांच बजे के टाइम बम फिक्स किए जा चुके हैं। जो अब से आधे घण्टे बाद फटेंगें...

...और ठीक उसी समय इस महल पर तुम्हारे मिसाइल लांचर से मिसाइल्स भी छूटने लगेंगी। फिर न तुम रहोगे और न यह टापू।

कुछ ही मिनटों में सारे टापू निवासी समुद्र किनारे खड़ी लांचों की तरफ भाग रहे थे।

नागराज ने विलियम के गुप्त कक्ष की तलाशी ली।
अहा! मिल गए सारे दस्तावेज...

...इनमें बाहर के देशों में फैले आतंकवादियों के पते व काले कारनामें दर्ज हैं।

नागराज ने फ्लोरिडा का शव उठाया-
ओह! केवल दस मिनट शेष हैं। शीघ्र ही मुझे विलियम के हैलीकॉप्टर तक पहुंचना होगा।

उधर मिलिट्री हैडक्वार्टर में जीप ड्राइवर ने डॉन को ब्लड रूम के पास उतार दिया।
ओह पांच बजने में केवल दस मिनट हैं। मुझे शीघ्रता करनी होगी।

amaan.cooldude18
Trying To Be Perfect As Mr Perfectionist

थोड़ी देर में वह ब्लड रूम के सामने था।
ओह लगता है, इस वक्त अंदर कोई नहीं है।
DANGER
NO ENTRY

वाल्ट के सामने पहुंचकर डॉन ने लीवर घुमाया।

लॉक खुल गया। डॉन ने दोनों दरवाजे जैसे ही सरकाये-
SSS
DANGER
NO ENTR
अरे बापरे! यह तो सायरन बज उठा।

डॉन तेजी से अंदर घुस गया।
सब मामला गड़बड़ हो गया।

वाल्ट को अंदर से लॉक कर लेता हूं।

डॉन तेजी से बढ़ता हुआ कंट्रोल रूम में आ गया-
ओह! पांच बजने में केवल पांच मिनट रह गए हैं।
उसके हाथ तेजी से विभिन्न यंत्रों से खेलने लगे।

इधर सायरन ने सभी सैनिकों को सजग कर दिया
वूं...ऊं...वूं...
क्या हुआ?

सब ब्लड रूम के बाहर जमा हो गए।
वूं...ऊं... ऊं...
रूम में इस वक्त कौन गया होगा?
DANGER NO ENTRY

खोलो इसे!
सर! यह अंदर से लॉक है।

गैस से काट दो इसे! क्विक! हरी अप!
यस सर

दो सैनिक वाल्ट को गैस से काटने लगे-
जल्दी करो! लगता है कोई दुश्मन जासूस यहां आ गया है।
DANGER NOENTRY
किर्र ऽऽ र्र...
किर्र ऽऽऽ र्र ऽऽ

उधर डॉन ने एक लीवर घुमाकर मिसाइल लांचर का रुख महल की तरफ कर दिया।
किर्ऽऽऽऽर्ई
ओह! लगता है दरवाजा काटा जा रहा है।

तभी बाहर कहीं गगनभेदी विस्फोट की आवाज से कंट्रोल रूम में जलजला सा आ गया।
ओह! लगता है पांच बज गए हैं और रेल वाले टाइम बम ने बारूद भण्डार को उड़ा दिया है।
बड़ाम

डॉन ने एक बटन पर उंगली रख दी-
गॉड! अगर मैंने आज तक कोई अच्छा काम किया हो तो उसके बदले नागराज व फ्लोरिडा को विलियम के महल से निकाल लेना।

मिसाइल लांचर से मिसाइल्स निकलकर महल की तरफ बढ़ने लगीं।

बाहर वाल्ट काटते सैनिकों ने धमाकों की आवाज सुनी तो बारूद भण्डार की तरफ भागे।
बड़ाम

क्या हुआ?
भागो!
हमला!

धड़ाम

बड़ाम

इसके बाद विक्ट्री टापू की वह छोटी सी पहाड़ी मानो ज्वालामुखी बन गई।
धड़ाम
बड़ाम

पहले महल को छावनी से जोड़ने वाला पुल ध्वस्त हुआ...
खड़ाक

फिर गुफा का मुहाना बारुद से भरी एक अन्य रेल को अपने साथ ले डूबा-

उधर डॉन ने कंट्रोल रूम का पिछला दरवाजा खोला-

अरे वाह! बस थोड़ी सी ढलान पर ही मेरी निकासी का रास्ता नजर आ रहा है।

पहाड़ी से उतरकर डॉन समुद्र में कूद गया।

बस कुछ ही घंटों में लांच पर पहुंच जाऊंगा।

लगभग दो घंटे बाद नागराज ने लांच पर डॉन का स्वागत किया।